# डीटीसी बस ने तीन राहगीरों को कुचला दो की मौत, भीड़ ने एक बस जलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नांगलोई- नजफ गढ़ रोड पर सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। थाना निहाल विहार क्षेत्र में कमरुद्दीन नगर गांव मोड़ के पास डीटीसी की एक बस ने तीन राहगीरों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकी एक घायल महिला का इलाज जारी है। मृतक की पहचान निहाल विहार निवासी रविकांत के रूप में हुई है। वहीं अन्य दो घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

हादसे के बाद मौके पर लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ ने एक डीटीसी बस में आग लगा दी और करीब 6 से 7 बसों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। इस घटना में पुलिस ने एक मौत की पुष्टि की है। मृतक की पहचान 33 वर्षीय रविकांत के रूप में हुई है। उसके परिवार का ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय है। वह सुबह 9.30 नांगलोई स्थित कंपनी में जा रहे थे जहां उनकी गाड़ियां चली है। इसी दौरान यह हद हुआ। पीछे से आ रहे रवि के भाई शाही ने सड़क पर गिरे स्कूटी और बीच सड़क पर गिरे जूते से भाई की पहचान की। तत्काल उसे नजदीक के अस्पताल, दो वहां से पंजाबीबाग अग्रसेन अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ख्याला में नशा तस्कर गिरफ्तार 3.38 ग्राम स्मैक बरामद

**नई दिल्ली।** ख्याला थाना पुलिस ने 7 मार्च को केशोपुर सब्जी मंडी के पास से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी 28 वर्षीय जितेन्द्र के पास से 3.38 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की है। फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 7 मार्च को ख्याला थाना पुलिस को केशोपुर सब्जी मंडी के पास स्मैक की डिलीवरी होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर ट्रेप लगाया और रात करीब 11:10 बजे एक संदिग्ध युवक स्कूटी पर वहां पहुंचे आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से 3.38 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी जितेंद्र के खिलाफ ख्याला थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 21/25/61/85 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा के साथ स्नातक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमआईएसटी) के छात्रों के पहले बैच ने सूचना प्रौद्योगिकी और साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा के साथ अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए), चेन्नई से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। एसआरएमआईएसटी और ओटीए के बीच एक समझौता ज्ञापन के तहत स्थापित, एक वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम को भविष्य के सैन्य नेताओं को सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा और डेटा सुरक्षा के अत्याधुनिक डोमेन में संरचित ज्ञान से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया था, जिससे देश की साइबर लचीलापन और डिजिटल युद्ध क्षमताओं को मजबूत किया जा सके।

इस कार्यक्रम ने रक्षा कर्मियों के अनुरूप वितरण लचीलापन प्रदान करते हुए उच्च शैक्षणिक मानकों को बनाए रखा।ौत्डैप्ज के अनुभवी संकाय सदस्यों और तकनीकी विशेषज्ञों ने व्ज। अधिकारियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में पाठ्यक्रम प्रदान किया। लेफ्टिनेंट जनरल माइकल ए.जे. फर्नांडीज, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, कमांडेंट, ओटीए, चेन्नई ने सैन्य प्रशिक्षण में उन्नत तकनीकी शिक्षा को एकीकृत करने के महत्व को स्वीकार किया।

# दरवाजा बंद करने को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर के जीवन पार्क इलाके में दरवाजा बंद करने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी और उसके बेटे ने 65 वर्षीय बुजुर्ग के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग को चोट लगने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बुजुर्ग के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 65 वर्षीय बाबूलाल अपने परिवार के साथ जीवन पार्क में रहते हैं और फर्नीचर का काम करते हैं। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि 6 मार्च की सुबह करीब 8:15 बजे वह अपने घर के बाहर बाइक पर बैठे थे। उसी दौरान पड़ोसी परवीन घर से बाहर आया। बाबूलाल ने उससे कहा कि वह रात में दरवाजा जोर से बंद करता है, जिससे उनकी नींद खराब हो जाती है और उन्हें सांस की समस्या के कारण परेशानी होती है। पीड़ित का आरोप है कि इस बात पर परवीन गाली-गलौच करने लगा और बाबूलाल के साथ हाथापाई करने लगा। शोर सुनकर परवीन का बेटा शुभम भी वहां आ गया और दोनों ने मिलकर बुजुर्ग के साथ मारपीट की। इस दौरान शुभम ने गली से पत्थर उठाकर बाबूलाल के सिर में मार दिया, जिससे उन्हें चोट लग गई। शोर सुनकर बाबूलाल की पत्नी कांता और बेटा रजत बाहर आए और बीच-बचाव किया। आरोप है कि जाते-जाते परवीन और उसका बेटा उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

## दिल्ली में अंगदान की नई राह, दिल्ली सरकार ने केंद्र के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।**दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम (एनओटीपी) के तहत भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद दिल्ली में स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (ैव्ज्०) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे राजधानी में अंगदान और ट्रांसप्लांट की व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाया जा सकेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 और 2014 के नियमों के तहत देश में अंग प्रत्यारोपण की व्यवस्था तीन स्तरों पर काम करती है। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांटेशन ऑर्गनाइजेशन , क्षेत्रीय स्तर पर रीजनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांटेशन ऑर्गनाइजेशन और राज्य स्तर पर स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांटेशन ऑर्गनाइजेशन (ैव्ज्०) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में अब तक अंग प्रत्यारोपण से जुड़े कई समन्वय कार्य छव्ज्० के माध्यम से किए जा रहे थे। लेकिन राजधानी में बड़ी संख्या में प्रत्यारोपण केंद्र होने के बावजूद अब तकैव्ज्० की अलग व्यवस्था स्थापित नहीं हो पाई थी।

## सुंदर नगरी मे चला नगर-निगम का पंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी के शनि बाजार मे सोमवार को नगर-निगम का पंजा चला और दुकानों के बाहर जो अतिक्रमण था उसे हटाया गया । यह इलाका काफी सवेदनशील है जिस वजह से सुरक्षा की दृष्टि से नन्द नगरी थाना पुलिस और अर्धसैनिक बल की टुकड़ी मौके पर मौजूद थी और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार थी।

सुंदर नगरी का शनि बाजार रोड काफी व्यस्त रोड है इसके दोनों तरफ दुकानें खुली हुई है जिस वजह से हजारों लोग यहां खरीदारी करने पहुंचते है, इसी रोड पर एक तरफ चिकन मार्किट है आस-पास के इलाके के लोग या होटल वाले यहां पहुंचते है।

इस रोड पर दुकान वालो ने दुकानों के आगे टीन डालकर, ऊंचा फर्श डालकर और सीढ़ियां चढ़ाकर अतिक्रमण किया हुआ है जिस वजह से रोजाना यहां जाम की स्थिति बनी रहती है जाम से मुक्ति दिलाने के लिए नगर-निगम ने सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ मुहीम चलाई और दर्जनों दुकानों के सामने से अतिक्रमण साफ किया और दुकानों के बाहर के सामान को टैम्पो मे भरकर ले गए स पहले भी नगर-निगम ने इस रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ मुहीम चलाई है उसके वावजूद सवाल यह उठता है कि एक बार अतिक्रमण खत्म करने के बाद दोबारा अतिक्रमण कैसे हो जाता है और नगर-निगम समय रहते इसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती है।

## सार्वजनिक जीवन का उद्देश्य ऐसी नीतियां बनाना जो लोगों की सेवा करें: विधानसभाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बौद्धिक ईमानदारी और सार्वजनिक उत्तरदायित्व का सशक्त संदेश देते हुए अपने पुराने शिक्षण संस्थान (अल्मा मेटर) में लौटे दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित "माइन्ड्यूक्टर 14.0" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। छात्रों, प्राध्यापकों और युवा नेतृत्वकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए गुप्ता ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया तथा नेतृत्व, सुशासन, राष्ट्र-निर्माण और सार्वजनिक नीति के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने मुख्य भाषण में गुप्ता ने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र का सार केवल राजनीतिक बहस तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे सार्थक और प्रभावी नीति-क्रियान्वयन तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विभिन्न मत और असहमति स्वाभाविक हैं, किंतु शासन की वास्तविक सफलता इस बात से मापी जाती है कि कानून और नीतियाँ आम नागरिक के जीवन पर कितना सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। गुप्ता ने आगे कहा कि यह जिम्मेदारी विधायी संस्थाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि विधानसभाएँ और संसद ऐसे मंच हैं जहाँ सार्वजनिक मुद्दों पर गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ विचार-विमर्श किया जाता है तथा समाज के हित में नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा,"एक विकसित भारत की पहचान उन संस्थानों से होती है जो ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हैं।




विधान सभाध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ताश्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित "माइन्ड्यूक्टर 14.0" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## एक नजर

### द ग्रेटेस्ट शो ऑन अर्थ प्रदर्शनी संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** टुली रिसर्च सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज द्वारा आयोजित, यह प्रदर्शनी 6वें "सेल्फ-डिस्कवरी वाया रीडिस्कवरिंग इंडिया" महोत्सव का हिस्सा है, जो इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुआ। टुली रिसर्च सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि प्रदर्शनी द ग्रेटेस्ट शो ऑन अर्थ: द गोल्डन एज ऑफ हॉलीवुड 1914-1964 का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रदर्शनी की शुरुआत हॉलीवुड स्टूडियो प्रणाली के आरंभ से होती है, जब थॉमस एडिसन के पेटेंट सिस्टम की पकड़ समाप्त हुई और अग्रणी कंपनियाँ जैसे विटाग्राफ, विलियम फॉक्स, पैरामाउंट पिक्चर्स, फेमस प्लेयर्स-लास्की, फर्स्ट नेशनल, यूनिवर्सल और कई अन्य सामने आईं, इसके बाद महाकाव्य इतालवी स्पेक्टेकल्स जैसे काबिरिया (1914) का प्रभाव, शक्तिशाली जर्मन एक्सप्रेशनिस्ट फिल्मों जैसे द कैबिनेट ऑफ डॉ. कैलिगरी (1919) और द लास्ट लाफ (1924) का असर, तथा हॉलीवुड की हास्य प्रतिभाख्रमैक सैनेट से लेकर चार्ली चौपलिन, बस्टर कीटन से लेकर मार्क्स ब्रदर्स, लॉरेल और हार्डी से लेकर स्क्रूबॉल कॉमेडी तकख्रसबको प्रदर्शित किया गया है।


### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एनजीओ का गठन

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'मिशन नारी चेतना फाउंडेशन' की शुरुआत एक नए मिशन के साथ प्रताप भवन, आईटीओ ,नई दिल्ली में आयोजित की गई इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा व दिल्ली नगर निगम के पूर्व निदेशक सूचना निदेशालय श्री योगेन्द्र सिंह मान ने भाजपा नेत्री चेतना नागर की नई एनजीओ का उद्धघाटन किया । इस मौके पर एनजीओ की संस्थापक अध्यक्षा चेतना नागर ने बताया कि एनजीओ का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता और सामाजिक उन्नति को प्रोत्साहित करना रहेगा और जल्द ही एनजीओ का सम्पूर्ण गठन किया जाएगा इस अवसर पर एडवोकेट अजय तंवर एडवोकेट रवि कुमार चौरासिया एडवोकेट प्राची चौधरी एडवोकेट मोनिका कश्यप एडवोकेट गीता व कुणाल चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### आज अपनी पहली यात्रा पर निकलेगा डिज्नी एडवेंचर

**नई दिल्ली।** डिज़्नी क्रूज लाइन के लिए आज का दिन बेहद खास था, जब डिज्नी एडवेंचर अपने नए घरेलू बंदरगाह सिंगापुर पहुंचा, जिसका सबको इंतजार था। इस मौके पर शानदार जश्न भी मनाया गया। जब जहाज ने शानदार अंदाज में पानी की बौछारों की सलामी के बीच मरीना बे क्रूज सेंटर, सिंगापुर में प्रवेश किया, तो पूरे माहौल में जोश और उल्लास छा गया। डिज्नी एडवेंचर के स्वागत के लिए आसमान आतिशबाजी की चकाचौंध से जगमगा उठा, जिससे इस पूरे रीजन के मेहमानों के लिए क्रूज पर छुटिट्यां बिताने के अनुभवों में एक अनोखे नए चौप्टर की शुरुआत हुई। डिज्नी एडवेंचर 10 मार्च 2026 को सिंगापुर से अपनी पहली यात्रा पर निकलेगा, जिसमें सवार मेहमान समुद्र में तीन और चार रातें बिताएंगे। जो शॉट, प्रेसिडेंट, डिज्नी सिग्नेचर एक्सपेरिएंसेस ने कहा कि "सिंगापुर में डिज्नी एडवेंचर का आगमन हमारे वैश्विक विस्तार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### सुलभ इंटरनेशनल का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित




**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुलभ इंटरनेशनल द्वारा "महिलाएं और आजीविका ख्र समतापूर्ण भविष्य का निर्माण" विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भीम सभागार, डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में किया गया।

सम्मेलन की मुख्य अतिथि साध्वी भगवती सरस्वती जी (प्रेसिडेंट , दिवाइन शक्ति फाउंडेशन, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश) थीं। सम्माननीय अतिथियों में प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं लेखिका सुश्री दिव्या दत्ता, बोइंग इंडिया एंड साउथ एशिया की चीफ ऑफ स्टाफ सुश्री परवीना यग्नमभट तथा पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ. शोवना नारायण शामिल रहीं। कार्यक्रम में डॉ. तन्जायर वशिष्ठ, सुश्री उषा झा, सुश्री स्वाति कोविंद और डॉ. अरुणा अभय ओसवाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। क्रायक्रम में अमोला पाठक एवं सुलभ के प्रेसिडेंट श्री कुमार दिलीप भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन सुलभ इंटरनेशनल की कार्यकारी संयोजक नित्या पाठक के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समान अवसर, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के माध्यम से एक सशक्त समाज के निर्माण का मार्ग है। उन्होंने सुलभ के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. विंदेश्वर पाठक को श्रद्धांजलि देते हुए उनके मानव गरिमा और महिला सम्मान के प्रति योगदान को स्मरण किया।

## बाल विवाह मुक्ति रथ जागरुकता कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में चले 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत श्बाल विवाह मुक्ति रथ की यात्रा का समापन 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली एवं कैंडल मार्च कै साथ हुआ।

इस मौके पर बेसिक फाउंडेशन की अध्यक्षता बबीता कुमारी जी ने कहा कि हमारे प्रयासों को मिली प्रतिक्रिया से हम अश्वक्त है कि बाल विवाह मुक्त दिल्ली और बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करने के हम बहुत करीब है। बेसिक फाउंडेशन बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे 250 से ज्यादा नागरिक संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। दिल्ली में बाल विवाह मुक्ति रथ को दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इन 30 दिनों में बाल विवाह मुक्ति रथ ने दिल्ली में 870 किलो मीटर की यात्रा की। यह रथ उत्तर पूर्वी दिल्ली के अधिकांश बस्तियों तक पहुंचा और पॉच लाख लोगों को बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ा। बेसिक फाउंडेशन के संस्थापक जलालुद्दीन जी ने बाल विवाह के खिलाफ इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान और इसके तहत निकाले गए बाल विवाह मुक्त रथ को परिवर्तनकारी बताते हुए कहा यह कोई प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी यह पहिए पर बदलाव का सन्देश था जिसे लोगो ने स्वीकार किया और सराहा। अब लगभग पूरी सभ्य दुनिया ने हमारी यह बात मान ली हैं कि बाल विवाह कोई सामाजिक कुप्रथा नहीं है बल्कि विवाह की आड़ में बच्चों से बलात्कार है। यह एक अपराध है और कानूनन दंडनीय है। बाल विवाह किसी भी बच्ची के जीवन के पुष्पित - पल्लवित होने की सम्भावनाओ को ही खत्म कर देता है।



## राजपुताना स्टेनलेस का मेगा आईपीओ खुला

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस-स्टील मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तीन दशकों से ज्यादा के अनुभव वाली एक लीडिंग कंपनी, राजपुताना स्टेनलेस लिमिटेड ने ऑफिशियली अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य इस आईपीओ के जरिए कैपिटल मार्केट से लगभग 254.98 करोड़ रूपये जुटाना है। राजपुताना स्टेनलेस का आईपीओ 9 मार्च, 2026 को इन्वेस्टमेंट के लिए खुला और 11 मार्च, 2026 (बुधवार) को बंद होगा। कंपनी ने हर शेयर के लिए रू 116 से रू 122 का प्राइस बैंड तय किया है।

## ख्याला पुलिस ने गश्त के दौरान बदमाश को पकड़ा

**नई दिल्ली।** ख्याला थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ख्याला थाने में तैनात कांस्टेबल गुरमीत सिंह और कांस्टेबल उमेद सिंह 7 मार्च की रात करीब 8:15 बजे इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गंदा नाला रोड स्थित गैस गोदाम के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने उसे रोक. कर तलाशी ली। 22 वर्षीय रयान उर्फ टोटा की तलाशी के दौरान अवैध बटनदार चाकू बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

## दर्ज हुई सीजन की सबसे गर्म सुबह,एक्युआई भी बिगड़ा

**नई दिल्ली।** सोमवार की सुबह इस सीजन की सबसे गर्म रही। न्यूनतम तापमान 19 डिग्री तक चला गया। उधर दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब चल रही है। सोमवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री दर्ज किया गया। दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। आसमान दिन भर साफ रहेगा। तेज धूप भी खिली रहेगी।




पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी के शनि बाजार में नगर-निगम का पंजा चला और दुकानों के बाहर जो अतिक्रमण था उसे हटाया गया।

# परिचय फाउंडेशन ने आयोजित किए आर्या ग्लोबल अचीवर्स अवॉड्र्स 2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर परिचय फाउंडेशन ने 'आर्या ग्लोबल अचीवर्स अवॉड्र्स 2026' के दूसरे संस्करण का भव्य आयोजन कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें सुनील देओधर (पूर्व भाजपा राष्ट्रीय सचिव), श्याम जाजू (भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), पद्मश्री माधवी मुद्गल, पद्मश्री गुरु शोवना नारायण, पद्मश्री रंजना गौहर तथा धीरज पाटेरिया (भाजपा वरिष्ठ नेता) सहित अन्य गणमान्य अतिथि शामिल थे।

परिचय फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. रोसलिन पटासानी मिश्रा ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी ऊर्जावान और प्रेरणादायी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ।

कार्यक्रम के दौरान पंडित अभय सोपोरी ने राग चारुकेशी की मनमो. हक प्रस्तुति दी, जिसकी शुरुआत आलाप और जोड़ से हुई, इसके बाद एकताल और तीनताल में बंदिशें प्रस्तुत की गईं।




# ज्योतिषीय मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** करोल बाग में ज्योतिष एवं आध्यात्मिक विधाओं से जुड़े विशेषज्ञों का एक विशेष "मीट एंड ग्रीट" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आस्त्रो संगीता जी और सत्येन्द्र श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न आध्यात्मिक और वैकल्पिक विधाओं से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में वास्तु, न्यूमरोलॉजी, रेकी हीलिंग सहित कई अन्य विधाओं के विशेषज्ञ और साधक उपस्थित रहे। इस मंच के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को अपने कार्य, अनुभव और सेवाओं को प्रस्तुत करने तथा स्वयं के प्रचार-प्रसार का अवसर मिला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न आध्यात्मिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को एक साथ लाकर आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य मनोज नैय्यर, डॉ. भावना कपूर जी, डॉ. शालिनी बहल जी, रति शुक्ला जी, कांची नागिया जी सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी।




## भारतीय भाषाओं में बढ़ रहा वॉइस सर्च का इस्तेमाल


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेकमायट्रिप के जेन-एआई ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट 'मायरा' पर हुई 20 लाख वॉइस बातचीत के आंकड़े बताते हैं कि लोग अब बोलकर अपनी जरूरतें ज्यादा विस्तार और संदर्भ के साथ बताने लगे हैं। शुरुआती रुझानों से यह भी पता चलता है कि भारतीय भाषाओं में वॉइस सर्च का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ रहा है और टेक्स्ट सर्च की तुलना में लोग इसमें ज्यादा बातचीत वाले अंदाज में सवाल पूछ रहे हैं।

मेकमायट्रिप के सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ, राजेश मागो ने कहा, "मायरा के जरिए हमें जो शुरुआती संकेत मिल रहे हैं, वे काफी उत्साहजनक हैं।

## ऊर्जा आत्मनिर्भरता के प्रयासों की अत्यावश्यकता को उजागर किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनी. तिक तनाव ने आयातित हाइड्रोकार्बनों पर भारत की गहरी निर्भरता को लेकर चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है, जिससे वैश्विक सप्लाई बाधा के कारण उत्पन्न होने वाले आर्थिक जोखिम उजागर हो रहे हैं। उद्योग जगत के नेताओं का कहना है कि ताजा संकट इस बात की याद दिलाता है कि ऊर्जा सुरक्षा का आर्थिक स्थिरता से गहरा संबंध है।

चूँकि वैश्विक तेल सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, इसलिए क्षेत्र में किसी भी प्रकार की स्थिति बिगड़ने पर भारत के लिए ऊर्जा लागत तेजी से बढ़ सकती है, जिससे महंगाई, चालू खाता घाटे और रुपये पर दबाव पड़ सकता है। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सरकार से इस क्षेत्र को तुरंत राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित करने का आग्रह किया है। अग्रवाल ने कहा, "आज के अशांत भू-राजनीतिक माहौल में किसी संसाधन-समृद्ध क्षेत्र में होने वाला कोई भी संघर्ष, जैसे कि ईरान में जारी संघर्ष, भारत को असुरक्षित बना देता है, क्योंकि भूमिगत प्राकृतिक संसाधनों के लिए हमारी आयात पर भारी निर्भरता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



भूडगढी डासना क्षेत्र में विकसित की जा रही लगभग

# 12000 वर्ग मी. क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी को प्राधिकरण ने किया ध्वस्त

■ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थल पर सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्रवर्तन जोन- 5 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ता उपस्थित रहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/ अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में सोमवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-05 के नेतृत्व में वाद सं0-जी.डी.ए./ अ.नि. /2025/ 0004504 में वादी किशन त्यागी, नौशाद अली एवं महराज आदि द्वारा खसरा सं0-2575 व 2657 ग्राम भूडगढी रोड डासना गाजियाबाद पर लगभग 6000 वर्ग मी0 भूमि क्षेत्रफल में, एवं वाद सं0-जी. डी.ए./ अ.नि./ 2025/ 0004645 में वादी हाजी यूसुफ इमरान, फैजल आदि द्वारा गंगा पेपर मिल के पीछे भूडगढी डासना पर लगभग 6000 वर्ग मी0 भूमि पर कच्ची सडको का निर्माण एवं चिनाई कार्य करके प्लाटिंग काटी जा रही है।

उक्त के विरूद्ध ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी है। उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडक, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर/ निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अनाधिकृत रूप से किये गये अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थल पर सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्रवर्तन जोन-5 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ता उपस्थित रहा।

# हमला करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई न होने के कारण सौंपा ज्ञापन


■ अस्पताल से स्ट्रेचर पर ही ज्ञापन देने पहुंचा पीड़ित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** होली पर बीचबचाव को लेकर किये गए जानलेवा हमले का पीड़ित प्रमोद अस्पताल से ही स्ट्रेचर पर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुँचा। आपको बता दे कि पीड़ित प्रमोद होलिका दहन के दिन होली दहन में शामिल हुआ था तभी वहां शरारती तत्व आपस में झगड़ा कर रहे थे और माहौल खराब कर रहे थे। प्रार्थी ने बीच विचार करने की कोशिश की तो उनमें से रवि उर्फ प्रिंस मिश्रा पुत्र निरंजन मिश्रा सूरज व जतिन पुत्रगण छोटू राजा पुत्र लोकेश व एक अन्य ने प्रार्थी पर जानबूझकर चाकू से हमला कर दिया और प्रार्थी को गहरी चोट आई है जिसमें उनकी जान जानें से बची है। पीड़ित ने कहा कि उपरोक्त सभी नशे का धंधा करते हैं नाना प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री करते हैं जिन्हें बजरिया चौकी इंचार्ज द्वारा संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी और हथियार बरामद के साथ-साथ चौकी इंचार्ज बजरिया पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सस्पेंड किया जाए। जिससे और लोगों की जान बच सके और दूसरे परिवार बर्बाद होने से बच जाएं।

# सुन्दरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें UG एवं PG के 137 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) आर.सी. त्रिपाठी, निदेशक, SCA ने किया। उन्होंने उद्योग विशेषज्ञ अभिषेक दुबे (CEO एवं CTO, FUSKI Ventures Pvt- Ltd-, हैदराबाद) का स्वागत करते हुए पौधा भेंट किया एवं दीप प्रज्ज्वलन किया। अपने संबोधन में उन्होंने रामचरितमानस की चौपाइयों के माध्यम से विद्यार्थियों को सत्य, सदाचार एवं ज्ञान के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता अभिषेक दुबे ने भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम, सरकारी योजनाओं, वेंचर कैपिटल तथा AI की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप नवाचार, अनुकूलन क्षमता और स्केलेबिलिटी पर आधारित होते हैं। उदाहरण स्वरूप Google, Amazon, Flipkart, Uber एवं ।पतइदइ जैसी कंपनियों का उल्लेख किया। समापन अवसर पर निदेशक महोदय ने विद्यार्थियों को भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं तथा षबिना चिकित्सकीय परामर्श एंटीबायोटिक उपयोग न करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की सराहना Sunder Deep Educational Society के चेयरमैन एवं कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार एवं रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने की। उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को नवाचार एवं उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुई।

# एहसास महिला समिति ने मनाया महिला दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एहसास महिला समिति द्वारा अपना नौवां महिला दिवस समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ दुल्हन बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु की वरिष्ठ महिलाओं को समर्पित रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेक वरिष्ठ महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित कर उन्हें एहसास समिति के स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोदीनगर की विधायक मंजू शिवाच रहीं, जबकि पिंक बूथ गाजियाबाद आयुक्तालय की मोदीनगर की अधिकारी उषा मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का मंच संचालन एहसास की वरिष्ठ सदस्या सृष्टि गौर द्वारा किया गया।



संस्था की सचिव तारिका माटा ने बताया कि एहसास महिला समिति का उद्देश्य महिलाओं के आत्मसम्मान को बढ़ाना और उन्हें समाज में सशक्त व सम्मानित स्थान दिलाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीता बक्शी, बिंदु आत्रेय, वनीता खन्ना, नव्या विज, युवाक्षी कालरा, पूजा शर्मा, अपराजिता सिंह, आस्था गौर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर एहसास महिला समिति की संस्थापक अनुप्रीत कौर ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# सेवा भारती का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सेवा भारती गाजियाबाद का वार्षिकोत्सव बहुत ही उल्हास से ैत्ड यूनिवर्सिटी सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय ग्रोवर जी ने की मुख्य अतिथि गुर वीर गांधी ,धन कुमार रुहेला रहे, मंच संचालन जिला महा मंत्री आनंद त्यागी ने किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य गंगा राम ने कहा कि सेवा भारती का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य के माध्यम से समाज को स्वावलंबी बना कर अपने पैर पर खड़ा करना ,संस्कार या लालच की वजह से हमारा वंचित पिछड़ा समाज धर्म परिवर्तन के जाल में नहीं फंसे,, हमारी बेटियां संस्कारित हो उनका विकास हो यही उद्देश्य लेकर सेवा भारती कार्य करती है। जिला अध्यक्ष योगेन्द्र ने SRM प्रशाशन को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया व सभी से सेवा भारती के सहयोग करने की अपील की। अनिल वर्मा, रोहित शर्मा, राघवेंद्र गुप्ता,जितेंद्र कुमार, अतुल शर्मा, मुनेंद्र मुकेश राठौड़, अमित नेहरा, मधुर नेहरा, पवन शर्मा, डाक्टर पवन सिंघल, दिनेश सिंघल,नवीन कृष्णवीर सिंह नीरज त्यागी, डाक्टर मंजू शिवाच,सुचेता सिंह, सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य बंधु उपस्थित रहे। मात्र भूमि सेवा संघ, दशमेश खालसा, न्यू हॉप फाउंडेशन, रानी लक्ष्मी बाई संस्थान, वृद्धाश्रम स्वामी कल्याण देव घर्मार्थ ट्रस्ट, हरियाली खुश हाली सहित 15 से अधिक सेवा संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

# एचएलएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में "नारी तू नारायणी" थीम के साथ अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को आमंत्रित किया गया और छात्राओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पद्मिनी सिंह, विजय लक्ष्मी गुप्ता, जिला जेल गाजियाबाद) तथा रजनी सिंह (अंतरराष्ट्रीय कवयित्री) उपस्थित रहीं।



इस अवसर पर HLM Group of Institutions के डायरेक्टर डॉ. अनुज अग्रवाल जी ने कहा कि "महिलाएं समाज की शक्ति और प्रगति की आधारशिला हैं। जब महिलाएं शिक्षित और सशक्त होती हैं, तब पूरा समाज आगे बढ़ता है।" HLM Group of Institutions के असिस्टेंट डायरेक्टर धीरज कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता से नई ऊंचाइयों को छू रही है, जो समाज के लिए प्रेरणा है।" मुख्य अतिथि डॉ. पद्मिनी सिंह ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि "महिलाओं में अपार क्षमता और आत्मबल होता है।

यदि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।" कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और नेतृत्व से जुड़े प्रेरणादायक विचार साझा किए गए। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोह भी आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और युवा पीढ़ी को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप सेडायरेक्टर डॉक्टर अनुज अग्रवाल असिस्टेंट डायरेक्टर डॉक्टर धीरज शर्मा, डॉक्टर पंकज सिंह , डॉक्टर मोहित जिंदल,डॉक्टर राजेश कर्दम, डॉक्टर कविता गुप्ता , डॉक्टर दीपक त्यागी, शिवानी शर्मा, डॉक्टर विनीता शर्मा, ममता चौधरी, श्रुति कसाना डॉक्टर उपा. सना शर्मा आदि का योगदान रहा।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें संस्थान की सभी महिला चिकित्सकों एवं छात्राओं ने भाग लिया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। इस साल का विषय गिव टू गैन' ' था।



यह विषय इस विचार को रेखांकित करता है कि जब समाज महिलाओं में निवेश करता है, तो पूरा समुदाय उनकी प्रगति और नेतृत्व से लाभान्वित होता है। यह संदेश देता है कि शिक्षा, अवसर और सहयोग के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सफलता की एक सार्थक वृद्धि है। ज्ञान साझा करने और विकास के अवसर प्रदान करने से मजबूत परिवार, सशक्त समुदाय और अधिक समानता पूर्ण समाज का निर्माण होता है। इस अवसर पर ओरल मेडिसिन विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मिनी बुके प्रतियोगिता से हुई, इसके बाद क्विलिंग एवं ज्वेलरी मेकिंग तथा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं ने बीडीएस के छात्रों को अपनी रचनात्मक, कौशल और नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया, जो यह दर्शाता है कि जब विविध प्रतिभाओं को मंच मिलता है तो सृजनात्मकता में भी वृद्धि होती है। इसके अलावा डॉ आंका शर्मा ने महिला स्वास्थ्य विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया।

इस सत्र मे व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पर चर्चा की गई, जिससे महिला कार्यबल को अपने स्वास्थ्य और कल्याण को बनाए रखने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम में सभी महिला फैकल्टी को आमंत्रित किया गया, जहां उनके नेतृत्व और डेन्टल क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ0 अक्षय राठौर, प्रोफेसर एंड एचओडी, ओरल मेडिसिन विभाग द्वारा किया गया।

इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा तथा संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य डॉ देवी चरण शेट्टी को धन्यवाद दिया।

# कादराबाद अंडरपास का काम बाद में कराए जाने की की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोहिउद्दीनपुर ओव. रब्रिज पर आवागमन शुरू होने पर कादराबाद रेलवे फाटकों पर अंडरपास का काम शुरू कराये प्रशासन ,इस मांग को लेकर बाबा परमेन्द्र आर्य के नेतृत्व मे काफी संख्या मे गांव रोरी व आस पास के किसानो ने तहसील मोदीनगर मे पहुंच कर नारेबाजी की व उपजिलाधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया कि कादराबाद से गांव रोरी को जान. वाले रास्ते पर रेलवे फाटको पर अंडरपास बनाये जाने की जानकारी रेलवे अधिकारियों से मिली। वे उस पर काम शुरू करनेवाले है। जिससे ग्रामीणो मे रोष है क्योंकि पहले से ही मोहि. उद्दीनपुर रेलवे फाटकों पर ओव. रब्रिज का काम चल रहा है।



जिस कारण वहां जाम लगा रहता है। दूसरा हापुड़ रोड राज चौपले पर रेलवे फाटकों पर ओवरब्रिज का काम चल रहा है। जिस कारण वहां पर भी जाम लगा रहता है।

यदि अभी कादराबाद फाटकों पर भी अंडरपास का काम शुरू कर दिया तो आवगमन बंद हो जायेगा। ग्रामीणो ने कहा जबतक मोहि. उद्दीनपुर ओवरब्रिज से आवागमन शुरू नही होता है तबतक कादराबाद फाटकों पर अंडरपास बनाने का कार्य नही कराया जाये। उपजिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि जल्दी ही किसानों व रेलवे अधिकारियों की एक मिटिंग रखकर समस्या का समाधान कराया जायेगा। इस दौरान भाकियू नेता पप्पी नेहरा , कुलदीप त्यागी तलहेटा, राम नारायण, मनोज मुकदम , मिनु चौधरी , मनोज कुमार, दीपक कुमार, नितिन शर्मा एडवोकेट, कपिल कुमार, प्रकाश चौधरी , ज्ञानेन्द्र सिंह, राजपाल सिंह, संजू श्योराण आदि उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** साथी फाउंडेशन व रेडिको खैतान लिमिटेड ने राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के साथ मिलकर तथा विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 101 महिलाओं का सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने सामाजिक सेवा, शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक कार्य कर समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करना और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहना देना था, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं प्रेरित होकर अपने-अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ें और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, काजल छिब्बर, नरेंद्र कौर, नेहा, कमलजीत, सीमा तिवारी, पुष्पा गुप्ता, रीता, रेणु, अंजू, अंजलि, संजना, प्रीति, नवनीत आदि उपस्थित रहे।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा फरवरी माह में मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर नियमित शि. विर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्थान ने गाजियाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में लगभग 4500 मरीजों के विभिन्न शिविर लगाये जिसमें भोपूरा, रजापुर, विजय नगर, मसूरी, जावली, नंदग्राम, लोनी, मोहन नगर, मोदीनगर, नैकपुर, नंगला बैर, चिरोडी, लाल कुंआ, कुभहेडा, रिस्टल, विवेकानंद नगर आदि के साथ-साथ फॉर्चुन रेजीडेन्सी, आशियाना पालम, अंजना इंटेग्रीटी एवं ऑफिसर सिटी जैसी गाजियाबाद की विभिन्न सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य षिविरों का आयोजन किया गया।



इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक स्क्रीनिंग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रत्येक मरीज को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमा. रियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है। इसके बाद उन्हें मौखिक रोगों से संबंधित उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया।

इसके बाद शिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया। इसके अतिरिक्त, संस्थान के द्वारा भोजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी. एच.सी) और मुरादनगर में साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच. सी) में अपनी चल रही सेटेलाइट के जरिए लगभग 1500 से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया।

आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इन स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसके लिये सभी मरीजों ने संस्थान का आभार प्रकट किया।

# हत्या की आशंका पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

## गुरुवार को चार दोस्तों के साथ दावत में गया मोहित परिजनों को मिला था घायल

- पुलिस मान रही थी दुर्घटना, विरोध में परिजनों ने गंग नहर पर लगाया जाम
- सीओ सरधना आशुतोष कुमार के आश्वासन के बाद शांत हुए गुस्साएं ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** खानपुर गांव निवासी वीरपाल पुत्र स्वर्गीय चमन सिंह ने दो दिन पहले थाने में एक तहरीर देते हुए बताया था कि पांच मार्च की देर शाम को गांव के तीन चार युवक उसके घर आए और उसके पुत्र मोहित को दावत के बहाने घर से बुलाकर ले गए।

जब मोहित रात 11 बजे घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं हुई वीरपाल ने बताया कि गांव के ही व्यक्ति ने बताया कि उसका पुत्र मो. हित मेहता गांव के बाहर घायल पड़ा है तभी मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे पास के सुभारती अस्पताल भर्ती कराया जहां देर शाम उसकी मौत हो गई वहीं सोमवार को जैसे ही उसका पोस्टमार्टम हुआ तभी खानपुर गांव के ग्रामीण और परिजन गंग नहर पर पहुंचे और जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने किसी तरह स्थिति को संभाला तभी सूचना पाकर पहुंचे सी ओ सरधना आशुतोष कुमार कई थानों का पुलिस फोर्स लेकर पहुंचे और मोहित के शव को दूसरे रास्ते से खानपुर भेज दिया गया और परिजनों को समझाया लेकिन परिजन नहीं माने काफी देर बाद सीओ सरधना आशुतोष कुमार की सूझबूझ से परिजनों ने कहा कि उनके बेटे मोहित की हत्या हुई है और उनकी कोई नहीं सुन रहा तभी सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए परिजनों से तहरीर ली और हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को सख्त कार्रवाई की बात कही तब जाकर परिजन माने और जाम खुल गया।

## कल तीनों महिला आयोग की सदस्या करेंगी महिला सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से मीनाक्षी भराला, मनीषा अहलावत, डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्या राज्य महिला आयोग 11 मार्च दिन बुधवार को पूर्वान्ह: 11 बजे सर्किट हाउस मेरठ में जनसुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई में लिखित शिकायत पत्र के साथ उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि महिला के साथ होने वाले उत्पीड़न व थानों में उनकी समस्याओं को न सुनने जैसी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। व महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर निदान कराया जाएगा।

# उस्मान गनी के रोजा इफ्तार पार्टी में पहुंचे सैकड़ों लोग



- सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक अतुल प्रधान सहित रालोद पदाधिकारियों ने भी की कार्यक्रम में शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बा निवासी समा. जसेवी व नगर पंचायत लावड़ से अध्यक्ष पद प्रत्याशी उस्मान गनी ने सोमवार को मीठेपुर मार्ग पर स्थित ग्रीन वैली फार्म हाउस में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया।

जिसमें आसपास क्षेत्र सहित कस्बे के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की उस्मान द्वारा इफ्तार पार्टी में सपा सांसद हरेंद्र मलिक, सपा विधायक अतुल प्रधान, रालोद नेत्री आरती मलिक, संजय पनवाड़ी सहित कई पार्टी के नेताओं ने शिरकत की। आपको बता दे कि हाल ही में उस्मान गनी ने कस्बे के लोगों के साथ बैठक कर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की बात कही थी। वहीं सोमवार को उनके द्वारा दी गई इफ्तार पार्टी को नगर पंचायत चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। इस दौरान उनके साथ हर रोज नए लोग जुड़ते जा रहे है जिससे कस्बे के लोगों में वो चर्चा का विषय बने हुए है वहीं कुछ लोगों का कहना है कि वो चुनाव में नया चेहरा हैं और कस्बे के लोगों के बीच उनकी छवि भी साफ है। इफ्तार पार्टी के दौरान विनीत भराला, साईम रिजवी, हाजी शमशाद रिजवी, साजिद जैदी, राजकुमार देदवा, भजन सिंह वर्मा, शहजाद सिद्दीकी, पूर्व सभासद कामिल, हाजी अरशद, मुन्ना कस्सार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# कपड़ा व्यापारी की दुकान में घुसकर पिता पुत्र के साथ हुई मारपीट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** पुलिस ने तीन दिन पहले कपड़ा व्यापारी की दुकान में घुसकर पिता पुत्र के साथ मारपीट करने वाले तीन आरो. पितो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनकी निशानदेही पर एक कपड़े नापने का मीटर व एक कैंची बरामद कर न्यायालय में पेश कर दिया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। हालांकि पुलिस के इस खुलासे से पीड़ित परिवार संतुष्ट नहीं है। इस मामले में मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि कस्बे के मुख्य बाजार स्थित दुर्गा साड़ी भंडार नाम के प्रतिष्ठान पर बीते शनिवार को दिन दहाड़े कपड़ा व्यापारी विनय अग्रवाल व उनके पुत्र विभोर अग्रवाल पर चार हमलावरों ने कपड़ा देखने के बहाने दुकान में घुसकर कपड़ा नापने वाले मीटर से हमला कर फरार हो गए थे। हमले में पिता पुत्र घायल हो गये थे। पूरी वारदात सीसीटीवी के कमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। पुलिस तभी से सीसीटीवी की फुटेज खंगाल कर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर कस्बे के ही व्यापारी विनय अग्रवाल व उनके पुत्र विभोर अग्रवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मारपीट की घटना का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव सैफपुर



कर्मचंदपुर निवासी सागर भाटी, शिवम कुमार निवासी अनाज मंडी हस्तिनापुर, शिवम डेढ़ा निवासी हस्तिनापुर बताया है। पुलिस के मुताबिक सागर भाटी तीन माह पूर्व दुकान पर कपड़ा खरीदने आया था। कपड़ा खरीदने को लेकर आपस में मामूली कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश में उसने अपने साथियों के साथ में वारदात करना कबूल किया है। गिरफ्तार किये गये युवकों के पास से मारपीट में प्रयुक्त में कपड़े नापने का मीटर व कैंची बरामद की है। वही इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह का कहना है व्यापारी विनय अग्रवाल के पुत्र विभोर अग्रवाल के साथ हुई मारपीट की घटना को जान से मारने की कोशिश की धारा में तरमीम कर लिया गया है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की विवेचना अभी जारी है। जो भी आरोपी जांच में आएंगे उनको भी जेल भेजा जाएगा।

### पीड़ित परिवार खुलासे से नहीं है संतुष्ट

कस्बे के मुख्य बाजार में व्यापारी विनय अग्रवाल व विभोर अग्रवाल के साथ तीन दिन पहले दुकान में घुसकर हुई मारपीट के पुलिस खुलासे से संतुष्ट नहीं है। व्यापारी पुत्र विभोर ने एसएसपी मेरठ को दिये शिकायती पत्र में कहां है कि बीते 7 मार्च को उस पर व उनके पिता पर जो कपड़े नापने वाले मीटर से जानलेवा हमला किया गया था। गिरफ्तार किये गये आरोपियों ने स्थानीय पुलिस के समक्ष कस्बे के ही व्यापारी पर सुपारी देकर हत्या कराने के इरादे से हमला करना स्वीकार किया था। पीड़ित का कहना है कि अभी कुछ दिन पहले भी मेरे व मेरे पिता पर जान से मारने की नीयत से बदमाश भेजे थे। उस समय पुलिस ने बिना नंबर की बाइक पकड़ी थी। वह बाइक भी उक्त व्यापारी के पैरों कारी पर छुटी थी। आरोप है कि स्थानीय पुलिस मुख्य सूत्रधार से साठगांठ कर बचाने की कोशिश में लगी है। पिता पुत्र व्यापारी ने भविष्य में हत्या की आशंका पड़ोसी व्यापारी पर जताई है।

# सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी ने रोजा इफ्तार पार्टी का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने शिरकत की और देश और दुनिया में सुकून और शांति के लिए दुआ की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक जुनैद फारूकी ने बताया कि वह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कर रहे हैं जिसका मकसद भाईचारा कायम करना है। इस अवसर पर मंसूर उल इस्लाम, अदनान शेख, हाजी हामिद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, आफताब अंसारी, सरफराज अंसारी, रईस सैफी, शहजाद खान, शमशाद, दिलशाद मंसूरी, फहद खान, बाबर खान, असद खान, शहजाद उस्मान, गौरव चौधरी, हाशमे आलम, आशु साबरी, सुनीता मंडल, संगीता सिंह, शीबा खान, शालू शर्मा, इरशाद सागर हिंदुस्तानी, अफसा खान अनवर चौधरी, नावेद खान, चांदनी सैफी, दिलशाद सैफी, सिमरन सैफी, डाक्टर सलीम, राहुल, इकबाल कुरैशी, आदिल मकरानी पूर्व पार्षद महफूज गुडडू ,अब्दुल मलिक खान आदि रहे।



## नगर पंचायत परीक्षितगढ़ में महिला कर्मियों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** विश्व महिला दिवस पर नगर पंचायत परीक्षितगढ़ की महिला कर्मियों को सम्मानित करते हुए चेयरमैन हिटलर त्यागी ने कहा कि महिलाओं को अपने हक के लिए खुद आगे आना चाहिए समय के साथ कदमताल करनी पड़ेगी तभी बनेगी आत्मनिर्भर नारी, वहीं अखिल विद्या समिति नारी परिषद की अध्यक्ष पूनम रुहेला ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के अनेक टिप्स बताए और टीम तेजस्विनी की प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए बताया की नारी शक्ति को सशक्त आत्म निर्भर बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए गए हैं जिन्हें सफल बनाने के लिए सभी सहयोग दें।

इस वर्ष नारी शक्ति के सम्मान में जगह जगह पर सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर 11 महिलाओं को सम्मान पत्र भेंट किए गए। इस मौके पर अखिल विद्या समिति अध्यक्ष विष्णु अवतार रूहेला सफाई नायक इमरान तोमर, सहसफाई नायक संतोष कुमार वाल्मीकि, विकास, चीनू, अजय आदि का सहयोग रहा।

# नई बिजली दर के प्रस्ताव पर आयोजित हुई जन-सुनवाई

- उपभोक्ता और विभिन्न संगठनों ने जनसुनवाई में रखे अपने सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., की सकल आवश्यकता एआरआर वित्तीय वर्ष 2026-27, वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा एपीआर वित्तीय वर्ष 2025-26 तथा टू-अप वित्तीय वर्ष 2024-25 से संबंधित याचिका पर जन-सुनवाई का आयोजन ओडिटोरियम-1, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे के सामने ग्रेटर नोएडा में किया गया।

जन-सुनवाई के दौरान पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की ओर से, प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता द्वारा आयोग के समक्ष डिस्कांम की वाणिज्यिक एवं तकनीकी उपलब्धियों, उपभोक्ता सेवाओं तथा भविष्य की योजनाओं के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में बताया गया की डिस्कांम द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं राजस्व संग्रहण को सुदृढ करने के लिए, निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। परिणामस्वरूप एटी एण्ड सी हानि में कमी लाकर, इसे 11.91 प्रतिशत तथा वितरण हानियों को घटाकर, 11.18 प्रतिशत तक लाया गया है। इसके साथ ही बिलिंग दक्षता मे भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। डिस्कांम द्वारा उपभोक्ताओं को समय से बिल उपलब्ध करने के लिए प्रोब-बिलिंग, MRI बिलिंग तथा स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली को लागू किया गया है इन तकनीकी उपायो से बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। जन-सुनवााई में यह भी अवगत कराया गया की डिस्कांम द्वारा प्रशासनिक कार्यो को, अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए, ई-ऑफिस प्रणाली को सफलता पूर्वक लागू किया गया है इसके अतिरिक्त कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए, फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम भी लागू किया गया है जिससे कार्यप्रणाली मे, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ी है। इस अवसर पर मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद सहित विभिन्न जनपदों के उपभोक्ताओं, जन प्रतिनिधियों एवं अन्य संबधित संगठनों द्वारा अपने सुझाव एवं अभिमत आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए गए आयोग द्वारा आश्वस्त किया गया की प्राप्त सुझावों पर, सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्त में अधिकारियों द्वारा आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जन-सुनवाई मे आयोग के वरिष्ठ अधिकारीगण, निगम के निदेश कगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



## मस्जिदों में लाउडस्पीकर बंद कराने का विरोध, एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

- मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बंद कराए गये लाउडस्पीकर को खुलवाने की रखी मांग
- कहा रमजान के महीने में रोजेदारों को हो रही है भारी दिक्कत व परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर के कुछ क्षेत्रों में मस्जिदों के लाउडस्पीकर बंद कराने अथवा उनकी आवाज कम कराने की कार्रवाई को लेकर मुस्लिम समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी संबंध में सोमवार को मुस्लिम समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी कार्यालय पहुंचा और अपनी समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल मेरठ के अध्यक्ष कारी शफीकुर्रहमान कासमी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस समय पवित्र रमजान का महीना चल रहा है, जो मुस्लिम समुदाय के लिए इबादत और अनुशासन का महत्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान मस्जिदों से अजान के साथ-साथ सहरी और इफ्तार के समय की संक्षिप्त जानक. ारी देने के लिए सीमित अवधि के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग किया जाता है, जिससे रोजेदारों को समय का पता चल सके। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि हाल के दिनों में कुछ स्थानों पर प्रशासन द्वारा लाउडस्पीकर हटाने या उनकी ध्वनि कम कराने की कार्रवाई की गई है, जिससे रोजेदारों को समय की जानकारी मिलने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि रमजान के दौरान पारंपरिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीमित समय के लिए लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति दी जाए। एसएसपी कार्यालय की ओर से प्रति. निधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायत पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और नियमों के तहत उचित निर्णय लिया जाएगा। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन ऐसा समाधान निकालेगा जिससे धार्मिक परंपराएं भी बनी रहें और शहर में आपसी सौहार्द भी कायम रहे।

## बीसी सखी के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डिजिटल सेवा प्रदाता बीएलएस ई-सर्विसेज ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बीसी सखी को सशक्त बनाते हुए यह दिन मनाया। कार्यक्रम में महिला ग्राहकों ने भाग लिया, जहां बीसी सखी ने उन्हें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर सीओओ लोकनाथ पांडा ने कहा, बीएलएस ई-सर्विसेज में हमारा मानना है कि जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाए बिना एक समावेशी वित्तीय व्यवस्था का निर्माण संभव नहीं है। हमारी महिला सीएसपी केवल सेवा प्रदाता ही नहीं हैं, बल्कि अपने समुदायों में नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए ग्रामीण भारत में बैंकिंग और डिजिटल सेवाओं की पहुंच को बदल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमें उनके समर्पण और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को सम्मानित करने पर गर्व है। इस दौरान महिलाओं पर और भी कई चर्चा कार्यक्रम का हिस्सा बनी रही।

## वी 5जी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में हुआ लाईव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के अग्रणी दूरसंच. ार सेवा प्रदाता वी ने अमृतसर के प्रतिष्ठित स्वर्ण मंदिर में 5जी सेवाओं के लॉन्च के साथ पंजाब में अपने 5जी फुटप्रिन्ट को और बढ़ा लिया है। यह शुरूआत एक ऐसे स्थान पर हाई-स्पीड कनेक्टिविटी को सहज बनाने के लिए की गई है, जहां रोजाना 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालु और आगंतुक आते हैं।

अमृतसर का स्वर्ण मंदिर दुनिया के ऐसे धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां सबसे ज्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, साथ ही इसे दुनिया की सबसे बड़ी कम्युनिटी किचन यानि लंगर सेवा के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में भीड़-भाड़ भरे इस क्षेत्र में डेटा की मांग बहुत अधिक रहती है। इस अवसर पर राहुल जोशी, सर्कल बिजनेस हैड-पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ''स्वर्ण मंदिर में हमारी सेवाओं का 5जी विस्तार पंजाब में हमारी विस्तार यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम क्षेत्र में अपना 5जी फुटप्रिन्ट बढ़ाना जारी रखते हुए मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। लगातार बढ़ते डिजिटल अडॉप्शन के बीच हम अपने उपभोक्ताओं को नेटवर्क को तेज एवं भरोसेमंद अनुभव प्रदान करते रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेटवर्क की इस भारी मांग को पूरा करने तथा पीक आवर्स के दौरान स्थिर, हाई-स्पीड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए वी ने स्वर्ण मंदिर परिसर के भीतर एवं आस-पास के इलाकों में 5जी इन्फ्रास्ट्रक्चर की तैनाती और नेटवर्क के विस्तार पर फोकस किया है। नेटवर्क के इस विस्तार से स्वर्ण मंदिर, अमृतसर आने वाले वी के यूजर बेहतर मोबा. इल ब्रॉडबैण्ड स्पीड, कम लेटेंसी और ज्यादा भरोसे मंद कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं। इस तरह भीड़-भाड़ भरे इस इलाके में उनके लिए मोबाइल सेवाओं का अनुभव और भी बेहतर हो जाएगा।

# रातों-रात कटे पेड़, कार्रवाई पर उठे सवाल

## 40 हजार प्रतिकर लेकर छोड़ने की चर्चा, जब्त बाइक लौटाने पर घिरा वन विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर के गंगोडा रोड क्षेत्र में छह हरे और फलदार आम के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। खेत में खड़े आम के पेड़ों को रातों-रात काट दिए जाने से क्षेत्र में रोष का माहौल है, वहीं कार्रवाई के बाद भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम न उठाए जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार गंगोडा रोड स्थित एक खेत में खड़े छह हरे आम के पेड़ों पर लकड़ी तस्करों ने आरी चला दी। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तीन मोटरसाइकिल जब्त कर लीं। प्रारंभिक कार्रवाई से लोगों को उम्मीद जगी कि पेड़ काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी, लेकिन बाद की स्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए।



स्थानीय लोगों के अनुसार वन विभाग ने आरोपियों से करीब 40 हजार रुपये प्रतिकर वसूला। इसके बाद आरोपियों को छोड़ दिए जाने की चर्चा सामने आई। इतना ही नहीं, कार्रवाई के दौरान जब्त की गई मोटरसाइकिलें भी बाद में विभागीय आदेश के बाद वापस कर दी गईं। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बताया जा रहा है कि जिस खेत में पेड़ काटे गए उसमें तीन लोगों की हिस्सेदारी है। इनमें से दो हिस्सेदारों को यह तक पता नहीं चल पाया कि उनके खेत में खड़े पेड़ कब काट लिए गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस और वन विभाग से शिकायत की, लेकिन अभी तक उन्हें ठोस राहत नहीं मिल सकी है। पीड़ित किसान का कहना है कि वर्षों से पाले-पोसे गए फलदार आम के पेड़ों को काटकर उसे भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

कानूनी रूप से हरे पेड़ों का अवैध कटान गंभीर अपराध माना जाता है। भारतीय वन अधिनियम 1927 और उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत बिना अनुमति पेड़ काटने पर जुर्माने के साथ कारावास तक का प्रावधान है। इसके बावजूद यदि केवल प्रतिकर लेकर आरोपियों को छोड़ दिया जाता है, तो कानून के पालन पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

गौरतलब है कि बिजनौर जिला अपने स्वादिष्ट आमों के लिए भी पहचान रखता है। ऐसे में यदि इसी तरह फलदार पेड़ों का अवैध कटान होता रहा, तो पर्यावरण के साथ-साथ स्थानीय कृषि और बाग. वानी पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है। पीड़ित किसान ने पूरे मामले में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन पर टिकी है।

## शिविर में कौशल विकास कार्यशाला

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में आयोजित किया गया। शासन द्वारा निर्धारित विषय 'कौशल विकास हेतु युवा' के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। वहीं शिक्षिका प्रियंका जैन ने जुंबा तकनीक के माध्यम से व्यायाम कराया। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसे. विकाओं को व्यावहारिक कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. मीनाक्षी सिंह (सहायक प्रोफेसर, गृहविज्ञान विभाग) ने सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी तथा लैपटॉप के बेसिक उपयोग से संबंधित जानकारी दी।

